# वैक्सीन लगवाने को उड़ रही रातों की नींद, दिन का चैन

**सीमित संख्या में वैक्सीन आने पर लोग हो रहे परेशान**

**वैक्सीन लगवाने को टोकन लेने के लिए रात में ही पहुंच रहे लोग**

**बिना वैक्सीन के कंपनियों में भी प्रवेश की अनुमति नहीं**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**मुंजरीना** और मोहम्मद तपिस कोरोना रोधी वैक्सीन लगवाने को खांडसा गांव से रात को ही नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 पहुंचे। मोहम्मद तपिस एक कंपनी में जॉब करते हैं और कंपनी ने बिना वैक्सीन लगवाए ड्यूटी पर आने से मना कर दिया है। तीन दिन से वह वैक्सीन लगवाने के लिए यहां टोकन लेने आ रहे हैं, लेकिन अधिक भीड़ हो जाने के कारण टोकन नहीं मिलता। ये हाल तब है, जब वे रात को ही यहां पहुंच रहे हैं। इनके जैसे अनेक मुंजरीना और तपिस यहां वैक्सीन के लिए भटक रहे हैं। वैसे तो गुरुग्राम में कोरोना टेस्टिंग व वैक्सीन को लेकर कई रिकॉर्ड बन चुके हैं। हाल ही में 18 से 44 वर्ष तक आयुवर्ग वालों को टीका लगवाने में गुरुग्राम प्रथम व दूसरा टीका लगाने में तीसरे स्थान पर रहा है। इसका क्रेडिट भी स्वास्थ्य विभाग ने आमजन को दिया है। क्योंकि जनता के सहयोग के बिना यह सब संभव नहीं हो सकता। कोरोना रोधी टीका लगवाने का एक कड़वा सच यह भी है कि टीके लिए लोगों की रातों की नींद उड़ रही है और दिन का चैन खो रहा है। वैक्सीन के लिए लोग दिनभर भटकते रहते हैं। जो लोग अपनी सुविधानुसार वैक्सीन लगवाने केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, उनका नंबर आना तो मुश्किल ही नहीं, नामुकिन होता है।


गुरुग्राम के सेक्टर-31 पॉलीक्लीनिक में वैक्सीनेशन के लिए लगी लोगों की भीड़।

### सबसे ज्यादा लग रही है कोविशील्ड वैक्सीन

**जिले** के नागरिक अस्पताल, पीएचसी, यूपीएचसी, सीएचसी, एसडीएच, पॉलीक्लीनिक में कोरोना रोधी वैक्सीन लगाई जा रही है। हर जगह पर पहली व दूसरी वैक्सीन कम से कम 50-50 व अधिकतम 100-100 डोज भेजी जा रही है। एकाध केंद्र पर दूसरी वैक्सीन की 200 डोज पहुंचाई जाती है। इसमें कोविशील्ड, कोवैक्सीन और स्पूतनिक वैक्सीन शामिल है। सबसे अधिक केंद्रों पर कोविशील्ड, उससे कम कोवैक्सीन व सबसे कम यानी सिर्फ एक ही केंद्र पर स्पूतनिक वैक्सीन उपलब्ध होती है। स्पूतनिक वैक्सीन सेक्टर-31 के पॉलीक्लीनिक पर ही लगाई जाती है।

### पहली डोज की जिले में है कमी

**जिले** में पहली डोज की काफी कमी महसूस की जा रही है। 13 अगस्त को स्वास्थ्य विभाग की ओर से 58 केंद्रों पर वैक्सीन लगाने की बात कही गई। ये सभी सरकारी केंद्र थे। इन 58 केंद्रों में से 19 केंद्रों पर पहली वैक्सीन उपलब्ध ही नहीं थी। दूसरी डोज एक केंद्र पर 150 थी। तीन पर 70, एक पर 50 डोज और बाकी केंद्रों पर 100 डोज उपलब्ध थीं। इसी तरह 12 अगस्त को 58 केंद्रों में से 20 पर पहली डोज उपलब्ध नहीं थी। कोरोना वैक्सीन के लिए कुछ पार्षदों, भाजपा नेताओं ने कैंप भी लगवाए थे। पहली वैक्सीन लोगों को लगाई गई। जैसे ही पहली वैक्सीन की कमी हुई तो ये सब भी पीछे हट गये।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले 55 पिस्तौल के साथ 4 गिरफ्तार

**● आरोपियों पर अपहरण समेत कई मामले है दर्ज**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली पुलिस ने विभिन्न अभियानों में चार लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 55 पिस्तौल और 50 कारतूस बरामद किए। पुलिस ने बताया कि चारों आरोपियों को राजधानी के अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के हाथरस के निवासी राजवीर सिंह (33) और धीरज कुमार (26) और उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के रहनेवाले विनोद (48) और दिल्ली के भरथल के रहनेवाले धर्मेंद्र उर्फ धर्मू के रूप में हुई। विनोद 2007 से ही उम्रकैद की सजा काट रहा है और वह इस साल कोविड-19 महामारी की वजह से अप्रैल से पैरोल पर था। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) संजीव कुमार यादव ने बताया कि सात अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश के दो हथियार आपूर्तिकर्ता बुराड़ी फ्लाईओवर के समीप हथियारों को पहुंचाने वाले हैं। एक जाल बिछाकर राजवीर और धीरज को पकड़ लिया गया। वहीं एक अन्य अभियान में नौ अगस्त को पुलिस ने विनोद को नजफगढ़-ढांसा रोड से गिरफ्तार किया।


विनोद, न्यू अशोक नगर पुलिस थाने में दर्ज अपहरण के एक मामले में भी शामिल रह चुका है। इस मामले में उसने अपने सहयोगी के साथ मिलकर एक व्यक्ति का अपहरण किया था और उसके परिवार के सदस्यों से 20 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। वहीं शुक्रवार को पुलिस ने तीसरे अभियान में एक गुप्त सूचना के आधार पर द्वारका में जाल बिछाकर धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कुख्यात कौशल गैंग का करीबी सहयोगी है और दिल्ली और हरियाणा में दर्ज हत्या के दो मामलों में वांछित था।

## संक्षिप्त समाचार

### स्मॉग टॉवर का उद्घाटन 23 को कर सकते हैं सीएम

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय राजधानी के पहले स्मॉग टॉवर का उद्घाटन कनॉट प्लेस में 23 अगस्त को कर सकते हैं। सरकार के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि स्मॉग टॉवर का निर्माण पूरा हो गया है। क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में हवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्थापित किए जा रहे करीब 20 मीटर ऊंचे टॉवर का निर्माण पहले 15 जून तक होना था। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा था कि कोविड-19 महामारी की वजह से स्मॉग टॉवर के निर्माण कार्य में देरी हुई। आप सरकार के मंत्रिमंडल ने पिछले साल अक्टूबर में इस संबंध में प्रायोगिक परियोजना को हरी झंडी दिखाई थी।

### पुलिस चौकन्नी, 15 विदेशी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** पंद्रह अगस्त को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में अवैध तरीके से रह रहे लोगों की जांच दिल्ली पुलिस कर रही है। इसी कड़ी में डाबरी, उत्तम नगर और मोहन गार्डन थाने के पुलिसकर्मियों ने 10 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। ये लोग वैध वीजा और पासपोर्ट के बिना रह रहे थे। पुलिस उपायुक्त एस के मीणा ने बताया कि अलग-अलग इलाकों में बहुत से अफ्रीकी और पुराने नागरिक अवैध तरीके से रह रहे हैं। जिसको लेकर लगातार तलाशी अभियान जारी है। इसी कड़ी में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन विदेशी नागरिकों में से कई नकली वीजा के साथ या समाप्त वीजा के बाद भी रह रहे हैं। इनके खिलाफ थाना मोहन गार्डन, उत्तम नगर द्वारा स्थानीय व अन्य राज्यों के लोगों को नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोप में एनडीपीएस एक्ट के भी मामले दर्ज किए हैं। डाबरी, उत्तम नगर एवं मोहन गार्डन इलाके में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया।

# गणतंत्र दिवस से पहले शहर में लगेंगे 500 हाईमास्ट तिरंगे

**● नए सिरे से निविदा जारी, 30-40 झंडे 50 मीटर या 164 फुट ऊंचे होंगे**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

इस साल दिसंबर के अंत तक यानी अगले साल गणतंत्र दिवस से पहले-पहले राष्ट्रीय राजधानी में गगनचुंबी ध्वजदंड वाले 500 तिरंगे स्थापित किए जाएंगे। इनमें 30-40 झंडे 50 मीटर या 164 फुट की ऊंचाई वाले होंगे जबकि शेष की ऊंचाई 35 मीटर होगी। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग ने इसके लिऐ निविदा जारी कर दी है। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने कहा कि तिरंगे की ऊंचाई में अब कुछ बदलाव किए गए हैं। सरकार चाहती है कि 30-40 झंडे 50 मीटर या 164 फुट ऊंचे हों। हमारा लक्ष्य गणतंत्र दिवस से पहले 500 'हाई मास्ट' तिरंगे लगाना है। भारत की आजादी के 75वें वर्ष का जश्न मनाने के लिए दिल्ली सरकार के देशभक्ति बजट के तहत पीडब्ल्यूडी द्वारा परियोजना को क्रियान्वित किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी ने 35 मीटर ऊंचे 495 ध्वज दंड वाले तिरंगे लगाने के लिए निविदा जारी की थी, लेकिन इस सप्ताह की शुरुआत में इसे रद्द कर दिया गया। पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने कहा कि ऊंचे ध्वजदंड वाले झंडों की ऊंचाई में परिवर्तनों के कारण हमने पिछली निविदा को रद्द कर दिया और अब नए विवरण के साथ एक नई निविदा आमंत्रित की गई है। ये बोलियां 19 अगस्त को खोली जाएंगी। काम साल के अंत तक पूरा हो जाएगा।



# बकाएदारों पर कार्रवाई करेगा विद्युत निगम

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर विद्युत विभाग कोरोना वायरस की दूसरी लहर कम होने के बाद एक बार फिर बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाने की तैयारी में है।

जिले में करीब 40 हजार बकायेदार ऐसें हैं, जिन्होंने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है। विद्युत निगम ने सख्त संदेश देते हुए कहा है कि बकाए बिल का भुगतान नहीं हुआ, तो कनेक्शन काटा जाएगा। निगम ने इन उपभोक्ताओं को पहले ही नोटिस भेज दिया था। इसके बावजूद भी ये बिल जमा नहीं कर रहे हैं। इसको लेकर विभाग अब सख्ती बरतने जा रहा है। इन उपभोक्ताओं पर विद्युत निगम का 200 करोड़ से अधिक का बिल बकाया है।

विभाग के मुताबिक जनपद के शहरी क्षेत्रों में 100 करोड़ से ज्यादा और ग्रामीण क्षेत्रों में 200 करोड़ से ज्यादा का बिल बाकी है। जिले में करीब 3.50 लाख कुल उपभोक्ता हैं। इसमें सबसे ज्यादा घरेलू कनेक्शन के उपभोक्ता हैं। इसके बाद संस्थागत, औद्योगिक और वाणिज्यिक कंज्यूमर हैं।

**अस्पताल से सामान गायब मामला**

# एसडीएम और एसीएमओ ने किया 3 डॉक्टरों को तलब

**नोएडा।** सेक्टर-125 कोविड अस्पताल से गायब लाखों रुपये कीमत के सामान प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग के कई अफसरों की मुसीबत बढ़ सकती है।

जांच कमेटी ने अस्पताल का चार्ज संभाल चुके तीन मेडिकल अफसरों को तलब कर उसने टाटा कंपनी की ओर से दान में मिले सामान का रिकार्ड मांगा है। तीन दिन में रिकार्ड प्रस्तुत करने के आदेश भी दिए है। उधर, जांच अधिकारियों के एल्टीमेटम से तीनों अफसरों की नींद उड़ गई है। सीएमओ डॉ सुनील कुमार शर्मा द्वारा हाथ पीछे खींचने के बाद से डीएम सुहास एलवाई एसडीएम गुंजा सिंह और एसीएमओ डा सुनील दोहरे मामले में जांच करा रहे हैं। वहीं एक वरिष्ठ महिला प्रशासनिक अफसर भी मामले में गोपनीय जांच कर रही है।

जांच अधिकारी एसडीएम गुंजा सिंह और एसीएमओ डा सुनील दोहरे ने चार्ज संभाल चुके डॉ. एनके तिवारी, डॉ. कपिल और डॉ. अनिल कुमार को सूरजपुर स्थित क्लेक्ट्रेट तलब किया। तीनों मेडिकल अफसर प्रस्तुत हुए। गायब सामान के संबंध में कई सवाल पूछे गए, दो मेडिकल अफसरों ने तो पूरी स्थिति सामने रखी।


**कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
कार्पोरेट पहचान संख्या : एल70109डीएल1980पीएलसी169318
फोन : 7303495374, ई-मेल : camaccommercial@gmail.com, वेबसाइट : www.camaccommercial.com
30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रूपए लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30-06-2021 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30-06-2020 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2021 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 64.88 | 115.57 | 428.14 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व) | 56.63 | 107.65 | 343.01 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | 56.63 | 107.65 | 343.01 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद मदों के बाद) | 23.59 | 90.16 | 286.98 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 95.90 | 147.10 | 7,373.62 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 88.28 | 88.28 | 88.28 |
| 7 | अन्य इक्विटी | | | 157,099.28 |
| 8 | रू. 10/-प्रत्येक के शेयर पर प्रति शेयर अर्जन | | | |
| | 1. मूल (रू.) | 2.67 | 10.21 | 32.51 |
| | 2. तनुकृत (रू.) | 2.67 | 10.21 | 32.51 |

नोट्स :
1. 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित तथा निदेशक मंडल द्वारा 13 अगस्त, 2021 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित एवं अभिलेखबद्ध किए गए हैं।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 13 अगस्त, 2021 को कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड
हस्ता./-
(स्वाति श्रीवास्तव)
निदेशक
डीआईएन : 08529225

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 13-08-2021

**TOSHA INTERNATIONAL LIMITED**

REGISTERED OFFICE : E-34, 2ND FLOOR, CONNAUGHT CIRCUS, NEW DELHI-110 001
CIN:- L32101DL1988PLC119284 Website:www.toshainternationallimited.in
Email ID:toshainternational@yahoo.com;Telephone No. 011-23415550/51
Statement of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter/Year Ended June 30, 2021

(Amount in Rs)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED 30/06/2021 Un-audited | QUARTER ENDED 30/06/2020 Un-audited | FINANCIAL YEAR ENDED 31/03/2021 Audited |
|---|---|---|---|
| Total Income from operations (Net) | - | 30,435 | 45,415 |
| Net Profit/(Loss) for the period before Tax | (31,82,346) | (32,79,909) | (1,45,65,388) |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax | (31,82,346) | (32,79,909) | (1,45,83 ,438) |
| Total Comprehensive Income for the Period [(Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (31,82,346) | (32,79,909) | (1,45,83,438) |
| Equity Share Capital | 11,44,92,700 | 11,44,92,700 | 11,44,92,700 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of Previous Year) | (22,46,48,050) | (21,00,64,612) | (21,00,64,612) |
| Earnings Per Equity Share (of Rs. 10/-each) (for continuing and discontinued operations): | | | |
| Basic : | (0.28) | (0.29) | (1.27) |
| Diluted : | (0.28) | (0.29) | (1.27) |

NOTE:
i) There is no qualification on the un-audit report for the quarter ended 30/06/2021
ii) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Full format of the Quarterly Financial Results is available on the Stock Exchange websites:www. cse-india.com

For Tosha International Limited
Sd/-
Dev Kishan Karnani
Director
DIN :00115080

Place: New Delhi
Date: 13/08/2021

**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग**

कार्यालय निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली फार्मेसी परिषद चुनाव 2021 रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार
डॉ. जी.के. नारायणन ऑडिटोरियम, स्वागत कक्ष,
दिल्ली भेषज विज्ञान संस्थान एवं अनुसंधान विष्वविद्यालय,
पुष्प विहार, सैक्टर-3, नई दिल्ली-110017

**चुनाव की सूचना**

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की राज्य फार्मेसी परिषद के छह (6) सदस्यों का चुनाव**

एतत द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के राज्य फार्मेसी परिषद के विनियमों एवं नियमों के नियम 5 के प्रावधानों के अनुसरण में 1 नवंबर, 2026 तक के सेवा काल हेतु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के राज्य फार्मेसी परिषद के छह (6) सदस्यों का चुनाव प्रस्तावित है। रिक्त पदों को भरने हेतु योग्य व्यक्तियों से नामांकन आमंत्रित हैं।
प्रत्येक उम्मीदवार पृथक नामांकन पत्र में नामांकित होना चाहिए चुनाव में मतदान का अधिकार रखने वाला कोई व्यक्ति किसी भी सदस्य उम्मीदवार के नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर कर सकता है. लेकिन यह चयनित संख्या से अधिक और जिसके लिए वह मतदान का अधिकार रखता है के लिए नहीं होनी चाहिए प्रत्येक नामांकन पत्र नियम 6(3) के फॉर्म बी में होना चाहिए जिसमें सभी आवश्यक जानकारी दी गई हो।
नामांकन पत्र 11 सितम्बर, 2021 को (अप. 4.00 बजे तक) अधोहस्ताक्षरी के पास पहुंच जाने चाहिए जिनसे आवेदन में नामांकन पत्र के फॉर्म प्राप्त किये जा सकते हैं।
नियमों के पाट-1 के प्रावधानों का पालन नहीं करने वाले या उपरोक्त तिथि व समय तक निर्वाचन अधिकारी के पास नहीं पहुंचने वाले नामांकन पत्र अवैध माने जाएंगे।
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के आदेश एफ.नं. एफ.100/एचएंडएफडब्ल्यू/2019/काउंसिल/ डीपीसी/पीटी. फाइल/2736-2743 दिनांक 17.12.2020के साथ दिल्ली फार्मेसी परिषद को विनियमों के अनुपालन में यह अधिनामांकि जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के राज्य फार्मेसी परिषद के छह (6) सदस्यों के नाम के चुनाव निम्न उल्लेखित विवरण के अनुसार होंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नामांकन की अंतिम तिथि | शनिवार | 11.09.2021 (अप. 4 बजे तक) |
| 2. | नामांकनों की जांच | सोमवार | 13.09.2021 को दोप. 12 बजे |
| 3. | नामांकन वापिस लेने की तिथि | शुक्रवार | 17.09.2021 को दोप. 12 बजे तक |
| 4. | नियम 6(11) के अंतर्गत मतपत्र भेजना | शुक्रवार | 01.10.2021 |
| 5. | मतपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि (पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से) | सोमवार | 01.11.2021 (सायं 5 बजे तक) |
| 6. | वोट की गिनती करने की तिथि | मंगलवार | 02.11.2021 को प्रातः 10 बजे से |
| 7. | परिणाम घोषित करने की तिथि | मंगलवार | 02.11.2021(वोट की गिनती समाप्त होने पर) |

हस्ता./- (राज कुमार)
निर्वाचन अधिकारी
दिल्ली फार्मेसी परिषद चुनाव 2021

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, Jiwan Dass Khanna S/o Sh. Tulsi Dass Khanna R/o D-1B /5B, Janak Puri, New Delhi - 110058.Allottee/Mutatee/GPA/ purchaser of DDA SFS Flat No. 5B,On First Floor,Cat-II,Pocket-D-1/B,Situated At Janak Puri, New Delhi vide DDA File No.F,60(39)82/SFS/JP/ II have applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. The original documents i.e. Possession Letter, Noc For Water And Electric Connection, And Site Possession Slip of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO.527038/2021 dated 30/07/2021 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9810045089 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Housing)-SFS or Director (H)-SFS, D Block, Vikas Sadan, New Delhi

**PUBLIC NOTICE**

By virtue of this notice my client KHALIDA AHMED W/o LATE SHAMIM AHMED R/o FLAT No.C-308, Fakhruddin Memorial CGHS Ltd., Plot-18, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075, hereby declare that she had purchased the FLAT No.C-308, Fakhruddin Memorial CGHS Ltd., Plot-18, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075 from original allottee SEEMA QURESHI W/o MOHD. AHMED who had lost the original Share Certificate and Allotment Letter of said property.

Prem Prakash (Advocate)
207, Plot No.I, MLU Sector-10, Dwarka, N.D.-75 (M) 9871268399

**LOST AND FOUND**

I/we, **M/s ALPS PRINTERS** through its Partners **Sh. Sandeep Sirpaul** son of late Sh. J.K. Sirpaul and **Sh. Puneet Sirpaul** son of late Sh. R.K. Sirpaul R/o H.No. B-76 B, Kalkaji, New Delhi, We are the owner of Commercial Shed No. 30,Type-C, measuring 97.53 Sq.Mtrs., Okhla Industrial Area, Phase-1, New Delhi. That my original allotment letter, possession letter, site possession slip, Perpetual Lease Deed and NOC water and electricity etc. of the above property issued by DDA have been lost. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may contact with above named address person at **Mob. No. 8448232445.**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री गोविन्द पुत्र श्री भूले निवासी ग्राम मंगरोली, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 के वसीयतनामा के आधार पर आवासीय भूमि (7% आवासीय भुखण्ड) खाता नं0 99, और खसरा नं0 19 क्षेत्रफल 95.2 वर्गमीटर ग्राम-गुलावली, सेक्टर -154/166, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 जो उप निबन्धक तृतीय कार्यालय नोएडा, में बही नं0 3 जिल्द सं0 344 पेज नं0 353 से 362 पर दस्तावेज नं0 467 दिनांक 01.02.2012 में पंजीकृत है। अतः उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री प्रतीक चौहान पुत्र श्री विजय सिंह निवासी A-226, सैक्टर-46, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 के पक्ष में स्थानांतिरत किया जा रहा है। अतः इस सूचना के द्वारा सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह पूरे सबूतों के साथ अपनी आपत्ति नोएडा विकास प्राधिकरण की आवासीय भूखण्ड विभाग में इस सूचना के जारी होने के 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दाखिल करें।
श्री प्रतीक चौहान

**सार्वजनिक सूचना : आईडी कार्ड खोने के संबंध में**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एसडी टावर, रोहिणी, सेक्टर-8, दिल्ली-110085

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी श्री शुभम कु. राय का आईडी कार्ड : आईडी कार्ड नंबर 2110186 दिनांक 09-08-2021 को कहीं खो गया/गुम हो गया है। किसी भी व्यक्ति, जिसको उक्त आईडी कार्ड मिले, से उक्त आईडी कार्ड मैनेजर डेट सर्विसेज ऐंड मैनेजमेंट ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एसडी टावर, रोहिणी, सेक्टर-8, दिल्ली-85 को लौटाने का अनुरोध किया जाता है।
अतएव, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वे उक्त आईडी कार्ड नंबर 2110186 धारक किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान नही करें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त आईडी कार्ड धारक किसी भी व्यक्ति को कोई भुगतान करने वाला व्यक्ति ऐसा अपनी स्वयं की लागत, जोखिम और खतरे पर ऐसा करेगा तथा आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य नहीं होगा तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

तिथि : 14-08-2021
स्थान : दिल्ली
हस्ता./-
वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**रीजेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : ई-205, (एलजीएफ), ग्रेटर कैलाश-II, नई दिल्ली-110048
सीआईएन : एल15500डीएल1994पीएलसी153183, ई-मेल आईडी : समहंस/regententerprises.in
फोन नंबर : 011-29213191
30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु पृथक्कृत अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| विवरण | तिमाही समाप्त 30-06-2021 (अलेखापरीक्षित) | पूर्व तिमाही समाप्त 31-03-2021 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2021 (लेखापरीक्षित) | संगत तिमाही समाप्त 30-06-2020 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय | 13,206.73 | 12,553.23 | 55,661.66 | 14,106.71 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 52.60 | (231.15) | 40.32 | 76.80 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 51.47 | (41.72) | 18.66 | 76.80 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 34.65 | (56.32) | (48.43) | 51.80 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 34.65 | (56.32) | (48.83) | 51.80 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 |
| संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | 467.12 | 441.47 | 441.47 | 548.55 |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) - | | | | |
| मूल | 0.10 | (0.17) | (0.14) | 0.15 |
| तनुकृत | 0.10 | (0.17) | (0.14) | 0.15 |

नोट :
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा दिनांक 13-08-2021 को अप. 3.00 बजे आयोजित इसकी बैठक में पुनरीक्षित किए गए थे और निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 13-08-2021 को अप. 4.00 बजे आयोजित इसकी बैठक में अनुमोदित किए गए थे।
2. तिमाही के दौरान शेयरधारकों से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। अतः वर्तमान में कम्पनी के विरूद्ध कोई शिकायत लम्बित नहीं है।
3. पूर्व वर्ष के आंकड़े, जहां आवश्यक है, पुनर्समूहित तथा पुनर्व्यवस्थित किए गए हैं।
4. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट https:/www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट http:/regententerprises.in पर उपलब्ध है।

वास्ते रीजेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड
हस्ता./-
विकास कुमार
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन : 05308192

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 13-08-2021

**RATHI STEEL AND POWER LTD.**

Regd. Off.: 24/1, Block A, Mohan Cooperative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi- 110044
CIN-L27109DL1971PLC005905
web:www.rathisteelandpower.com, e-mail:investors@rathisteelandpower.com, Tel:011- 40512426
Extract of Audited Statement of Financial Results for the quarter and Year ended 31th March 2021

(In Lacs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 31.03.2021 (Audited) | Quarter ended 31.12.2020 (Unaudited) | Quarter ended 31.03.2020 (Audited) | Year ended 31.03.2021 (Audited) | Year ended 31.03.2020 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Revenue (net) | 17,536.48 | 18,545.76 | 2,139.26 | 43,746.69 | 10,000.65 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional and / or extraordinary item. | 405.11 | 687.86 | (179.60) | (35.74) | (2,562.70) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period befrore tax (before Extraordinary items) | 405.11 | 687.86 | (179.60) | (35.74) | (2,562.70) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 405.11 | 687.86 | (179.60) | (35.74) | (2,562.70) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 421.95 | 694.44 | (177.39) | (18.90) | (2,560.49) |
| 6 | Equity Share Capital | 3,130.81 | 3,130.81 | 3,130.81 | 3,130.81 | 3,130.81 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | -- | -- | -- | -- | -- |
| 8 | Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs.10/- each) | | | | | |
| | a) Basic : | 1.29 | 2.20 | (0.57) | (0.11) | (8.19) |
| | b) Diluted: | 1.29 | 2.20 | (0.57) | (0.11) | (8.19) |

The above is an extract of the detailed format of Statement of Audited Financial Results for the quarter and year ended on 31st March 2021 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Statement of standalone Audited Financial Results are available on the websites of the BSE Limited (www.bseindia.com).
The above financial results were reviewed by the audit committee and approved by Board of Directors of the Company at their meeting held on 12-08-2021

Date:-12-08-2021
Place: New Delhi
For and on behalf of Board
Sd/- (PREM NARAIN VARSHNEY) MANAGING DIRECTOR, DIN: 00012709

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अभिजीत दत्त चौधरी/स्वागत दत्त चौधरी, 403, हेसा होम आउड मेहता दुबई-454519 (LBMUM00003605725) | बी 401 चतुर्थ तल, मैरीडियन बी, ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश, नोएडा-201307 | 10-07-2021 रू. 19,59,013/- | 30-09-2020 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 13-08-2021
स्थान : नोएडा
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1976पीएलसी008036
पंजी. कार्यालय : यूनिट नंबर 8, भू तल, पाकेट एम, सरिता विहार, नई दिल्ली-110076
फोन : 011-47366600, ई-मेल : info@rotoindia.in वेबसाइट : www.rotoindia.co.in
30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु अ-लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में, सिवाय ईपीएस)

| विवरण | तिमाही समाप्त 30-06-2021 (अ-लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30-06-2020 (अ-लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2021 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 0 | 0 | 15.51 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | (1.55) | (1.15) | 2.03 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (1.55) | (1.15) | 2.03 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (1.55) | (1.55) | 1.50 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | (1.55) | (1.55) | 1.51 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 360.13 | 360.13 | 360.13 |
| प्रति शेयर अर्जन मूल एवं तनुकृत (वार्षिककृत नहीं) | (0.04) | (0.03) | 0.04 |

नोटः
1. उपरोक्त विवरण सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट : www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट : www.rotoindia.co.in पर उपलब्ध है।
2. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015, कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) (संशोधन) नियमावली, 2016 द्वारा संशोधित के अधीन अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।
3. उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामो की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई थी तथा निदेशक मंडल द्वारा 13-08-2021 को सम्पन्न उसकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।

वास्ते रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड
नरेश कुमार बंसल
निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 13-08-2021